आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–24 मार्च 2026 **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में निवेश मित्र थ्री प्वाइंट जीरो का शुभारम्भ किया। इस मौके पर श्री योगी ने कहा कि नौ वर्ष पहले हम लोगों ने जो सपना देखा था, वह धरातल पर उतरने जा रहा है। आज दुनिया के किसी भी उद्यमी के लिये सबसे पसंदीदा निवेश स्थान उत्तर प्रदेश है।

आपने देखा होगा कि इस थ्री जीरो निवेश मित्र का जो हमारा सिंगल विंडो का है इसमें सीमलेश, ट्रांसपैरेंट एण्ड प्रेडिक्टिबल के अनुभव को सुदृढ़ करने वाला एक प्लेटफार्म हम लोगों ने इस निवेश मित्र थ्री जीरो को आपसब के सामने प्रस्तुत किया।

श्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश को भारत का फूड बास्केट भी कहा जाता है।

उत्तर प्रदेश में भारत के कुल कृषि योग्य भूमि का केवल ग्यारह फीसदी है यूपी के पास लेकिन खाद्यान्न उत्पादन उत्तर प्रदेश कर रहा है देश के अन्दर इक्कीस फीसदी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश प्राइवेट बिजनेस पार्क डेवलपमेंट पॉलिसी–दो हजार पच्चीस का भी शुभारम्भ किया। श्री योगी ने निवेश प्रस्तावों हेतु भूमि के आवंटन के साथ ही लेटर्स ऑफ कम्फर्ट एवं पात्रता प्रमाण पत्रों का वितरण भी किया। कार्यक्रम में सत्ताइस सौ इक्यासी करोड़ रूपये की सब्सिडी का हस्तांतरण भी हुआ।

****

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि केवल हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म के अनुयायी ही अनुसूचित जाति का दर्जा पाने के पात्र हैं। न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि किसी अन्य धर्म जैसे कि ईसाई धर्म में धर्मांतरण करने से अनुसूचित जाति का दर्जा तुरंत और पूरी तरह से समाप्त हो जाता है।

सर्वोच्च न्यायालय ने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के एक आदेश को बरकरार रखते हुए कहा कि एक बार कोई व्यक्ति ईसाई धर्म अपना लेता है और सक्रिय रूप से उस धर्म का पालन करता है, तो उसे अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं माना जा सकता। न्यायमूर्ति पी. के. मिश्रा और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने फैसला सुनाया कि ईसाई धर्म अपनाने वाला दलित व्यक्ति अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत संरक्षण का दावा नहीं कर सकता। न्यायालय ने कहा कि यह स्थिति संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950 के तहत स्पष्ट रूप से स्थापित है। न्यायालय के अनुसार, 1950 के आदेश के खंड 3 के तहत लगाया गया प्रतिबंध बाध्यकारी है। समाचार कक्ष से मैं कनकलता।

****

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि केंद्र सरकार के निरंतर प्रयासों के कारण देश में किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। आज लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए श्री चौहान ने किसानों की आय के बारे में जानकारी दी।

कई किसानों की आय दुगनी हुई है और केवल दुगनी नहीं माननीय अध्यक्ष महोदय, कई किसानों की तिगुनी भी हुई है, कई की चौगुनी भी हुई है। मैं आज बताना चाहता हूं हमने बजट बढ़ाके 19 हजार तीन सौ छह करोड़ से एक लाख 30 हजार करोड़ से ज्यादा। हमने उत्पादन बढ़ाने का काम किया है। चौदह के बाद 44 परसेंट उत्पादन अलग–अलग खाद्यान्न का बढ़ा है।

****

एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस आज पश्चिम एशिया से आने–जाने वाली चौबीस निर्धारित और विशेष उड़ानें संचालित करेंगी। एक बयान में बताया गया कि वे सउदी अरब जेद्दा से आने–जाने वाली अपनी निर्धारित सेवाएं जारी रखेंगी।

****

आज विश्व क्षय रोग दिवस है। इसका उद्देश्य तपेदिक के विनाशकारी स्वास्थ्य, सामाजिक और आर्थिक परिणामों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इस वैश्विक महामारी को समाप्त करने के प्रयासों को तेज करना है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से लोगों से इस रोग के लक्षणों की समय पर पहचान एवं उचित उपचार को जन आन्दोलन बनाने का आह्वान किया है।

****

चैत्र नवरात्र के छठें दिन आज मां दुर्गा के कात्यायनी स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। मिर्जापुर के मां विन्ध्यवासिनी देवी मंदिर, वाराणसी के प्राचीन बागेश्वरी मंदिर और महराजगंज जिले में स्थित लेहड़ा माता मंदिर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन पूजन करने पहुंच रहे हैं। बलरामपुर के देवीपाटन स्थित मां पाटेश्वरी देवी मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है। एक रिपोर्ट–

बलरामपुर के देवी पाटन शक्तिपीठ पर नवरात्रि के छठी तिथि को मां के छठवें स्वरूप मां कात्यायनी की आराधना हेतु सुबह से श्रद्धालु कतारों में लग कर दर्शन पूजन कर रहे है। नेपाल से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु आए हुए है। सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस एवं सशस्त्र सीमा बल निगरानी में लगे हुए हैं। रामकुमार मिश्र, आकाशवाणी सामचार देवी पाटन शक्ति पीठ बलरामपुर।

****

प्रयागराज में फाफामऊ क्षेत्र के चंदापुर में स्थित एक कोल्ड स्टोरेज हादसा मामले में पुलिस कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि इस सम्बन्ध में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। कल कोल्ड स्टोरेज की छत ढहने से चार मजदूर की मौत हो गई थी, जबकि पन्द्रह अन्य घायल हो गए थे।

****